हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 26 अगस्त 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 करोड़ों रुपए खर्च करके हटाया था 1.35 लाख टन...



10 समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों ...



खबर संक्षेप

जिले में अब तक हुई 636 मिमी वर्षा दर्ज

नर्मदापुरम। जिले में 1 जून 2026 से आज दिनांक को प्रातः8 बजे तक जिले में 636.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1083.6 मिमी औसत वर्षा हुई थी। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया है कि 24 अगस्त से 25 अगस्त 2026 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 8.0 मिमी , सिवनीमालवा में 38.0 मिमी , इटारसी 3.4 मिमी , माखननगर में 5.0 मिमी , सोहागपुर में 17.0 मिमी , पिपरिया में 3.6 मिमी , बनखेड़ी में 2.2 मिमी , पचमढी में 21.0 एवं तहसील डोलरिया 37.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

53 हजार की शराब और लाहन जब्त

नर्मदापुरम। जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को वृत्त पिपरिया के बनखेड़ी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरपानी, धड़ाव, पड़ाव, उमरधा और बनखेड़ी में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान कुल 7 प्रकरण कायम किए गए। मौके से लगभग 400 किलोग्राम महुआ लाहन, 55 लीटर हाथभट्टी मदिरा तथा 25 पाव देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई।

प्रशासन के आश्वासन पर माने ग्रामीण

बाबई खुर्द में 5 दिन से बिजली गुल चक्काजाम से 2 घंटे फंसे रहे वाहन

बाबई खुर्द में परेशान ग्रामीणों ने चक्काजाम किया। इस दौरान प्रशासन ने विवाद को सुलझाया और आश्वासन दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

समीपस्थ ग्राम बाबई खुर्द में पिछले पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों का गुस्सा मंगलवार सुबह सड़क पर फूट पड़ा। आक्रोशित महिलाओं और पुरुषों ने सुबह करीब 10 बजे इटारसी-जमानी (बानापुरा-इटारसी) मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन और पुलिस की समझाइश के बाद जाम खोला जा सका।

खास बातें

- बिजली विभाग का पक्ष : 17 लाख रुपए का बिल बकाया
- बकाया राशि : विभाग के अनुसार, गांव वालों पर लगभग 17 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया है। मीटर लगने के बाद से बिल की आधी राशि भी जमा नहीं की गई है।



यातायात हुआ बुरी तरह प्रभावित

चक्काजाम के कारण मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। बीच रास्ते में कई यात्री बसें और अन्य वाहन फंसे रहे।

यात्रियों की परेशानी

जाम में फंसे अपडाउनर्स और यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। एक यात्री ने बताया कि आधे घंटे से अधिक समय तक खड़े रहने के कारण काम पर पहुंचना मुश्किल हो गया।

ग्रामीणों का तर्क

गांव के लोगों के अनुसार पांच-छह दिन से बिजली न होने से मोबाइल चार्ज करना तक मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप था कि कुछ लोग घरों की बिजली से खेत की मोटर चला रहे थे, जिसका खामियाजा पूरे गांव को भुगतना पड़ रहा है और विभाग ने पूरे गांव की बिजली काट दी है।

इनका कहना है...

विभाग ग्रामीणों से केवल बकाया राशि का 10 फीसद जमा करने की मांग कर रहा है, ताकि खराब डीटीआर बदला जा सके। लेकिन ग्रामीण इसके लिए भी तैयार नहीं हैं। इसके अलावा, कुछ लोगों द्वारा नशे की हालत में सब-स्टेशन पर कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने का मामला भी सामने आया है। **संदीप पांडेय, डीजीएम बिजली कंपनी**

सूचना मिलने पर पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराई गई है। बिल बकाया होने के कारण ही कनेक्शन काटा गया था। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 10 प्रतिशत राशि जमा होते ही नई डीपी लगा दी जाएगी। **नीलेश शर्मा, एसडीएम**

खाद्य विभाग ने की कार्रवाई, बस की डिग्गी से 13 बोरी मावा जब्त

बिना रसीद के भोपाल से लाया जा रहा था मावा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सतत निगरानी कर गुप्त सूचना के आधार पर कटियार बस एमपी 04 PA 3120 को पुराने बस स्टैंड पर रोका और जांच किया तो गाड़ी की डिक्की में 13 बोरियां मावे की मिली ।

लगभग साढ़े छह सौ किलो किलो मावा था। जिसका कोई बिल उपलब्ध नहीं था। अतिरिक्त तहसीलदार डॉ. सुरेखा यादव एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस दियावार द्वारा समस्त मावे को उतरवाया गया और निरीक्षण किया कुल 650 किलोग्राम मावा जब्त किया पूछताछ करने पर उक्त खोवा फूल सिंह यादव का पाया गया उसे बुलाकर पूछने पर उसने स्वीकार किया कि उसने भोपाल से मंगाया है और बिल नहीं आया है। संदेह के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जांच हेतु नमूने लिए और संपूर्ण मावा कोल्ड स्टोरेज में जब्त किया. साथ ही व्यापारी को नोटिस जारी किया जा रहा है और मावा भेजने कि विवेचना की जा रही है ।

इसके अतिरिक्त चक्कर रोड स्थित ब्रजवासी स्वीट की जांच की गई और मावा व मीठा मावा के 2 नमूने जांच के लिए लिये। वहीं सिवनी मालवा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा विजय राय के निर्देशन में मिठाई निर्माण केंद्रों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।

अनाधिकृत रूप से ट्रेनों में सामग्री बेचते वेंडरों पर कार्रवाई

25 ट्रेनों में चला अभियान, 47 पर किए गए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा पुरम यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खान-पान सुविधा उपलब्ध कराने तथा ट्रेनों में अनाधिकृत रूप से खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अगस्त माह में सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

25 से अधिक यात्री ट्रेनों में जांच अभियान चलाकर 47 अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा 90,000 का जुर्माना वसूल किया गया।

अभियान के दौरान दरभंगा-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस, रामनगर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस, हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, हापा-नाहरगुन स्पेशल, हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम एक्सप्रेस तथा बनारस-उधना एक्सप्रेस सहित विभिन्न ट्रेनों में जांच की गई। अधिकारियों ने कहा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

गोपाल मंदिर का विवाद सुलझाने अब सीएम से मिलेंगे मठ-मंदिर समिति पदाधिकारी व अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के सुभाष चौक स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर के गोपाल मंदिर में ट्रस्टियों और मंदिर के पुजारी के बीच चल रहा विवाद अब गंभीर रूप लेता दिखाई दे रहा है। मामले में मठ-मंदिर समिति के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद खड्डर एवं साधु-संत समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप महाराज मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पूरे प्रकरण से अवगत कराएंगे और मंदिर के पुजारी श्री शर्मा को न्याय दिलाने की मांग करेंगे।


बताया जाता है कि श्री शर्मा पिछले करीब 25 से 30 वर्षों से गोपाल मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना और सेवा करते आ रहे हैं। लंबे समय से मंदिर की सेवा कर रहे पुजारी को हटाने के लिए ट्रस्टियों द्वारा कथित रूप से षड्यंत्र रचे जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। आरोप है कि पुजारी को मंदिर से हटाने के उद्देश्य से उनके खिलाफ विवाद खड़ा किया जा रहा है और झूठे प्रकरण में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में यह भी आरोप लगाया गया है कि मंदिर परिसर में प्रतिदिन एक महिला को भेजा जा रहा है, जिसके माध्यम से पुजारी के साथ विवाद उत्पन्न कर उन्हें किसी मामले में फंसाने की कथित तैयारी की जा रही है।

हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित पक्ष का पक्ष सामने आना बाकी है। इस पूरे मामले में एक पुलिसकर्मी की भूमिका को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप लगाने वाले पक्ष का कहना है कि कथित तौर पर उक्त पुलिसकर्मी के इशारे पर घटनाक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की जाएगी।

महंगाई को लेकर कांग्रेस का सरकार पर प्रहार कहा: 250 रु का शगुन बहनों के साथ मजाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने रक्षाबंधन के मौके पर बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है।



उन्होंने आरोप लगाया है कि बेलगाम महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है, जिससे त्योहारों का उत्साह फीका पड़ गया है।

अब सब्जियों की कीमतें भी लगातार बढ़ीं

पेट्रोल, डीजल और गैस के बाद अब सब्जियों की कीमतें बेकाबू हैं। 20 रुपये किलो बिकने वाला प्याज और भिंडी अब 60 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। कांग्रेस ने सरकार से सवाल किया है कि जब मिठाइयों की कीमत 1200 से 1500 रुपये प्रति किलो है, तो सावन पर दिए गए 250 के शगुन का क्या औचित्य है? उन्होंने याद दिलाया कि महिलाओं को 3000 प्रतिमाह देने का वादा अभी तक हवा-हवाई है। महंगाई का असर केवल रसोई तक नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। युवा बेरोजगार हैं, किसानों को खाद-बीज नहीं मिल रहा और बहनें सुरक्षित नहीं हैं।

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने तत्काल महंगाई पर अंकुश लगाकर जनता को राहत नहीं दी, तो पार्टी गांव-गांव और शहर-शहर में एक बड़ा जन-आंदोलन करेगी।

सांसद नारोलिया के सौजन्य से लक्षार्थ 2026 के विजेताओं का शैक्षणिक दिल्ली भ्रमण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अतुल्यम वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित प्रतिष्ठित छात्र संसद 'लक्षार्थ 2026' के उत्कृष्ट प्रतिभागियों के लिए राजधानी दिल्ली का विशेष शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक परिभ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विगत दिनों छात्र संसद के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने प्रतिभाशाली युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र के शीर्ष अधिष्ठान—संसद भवन के प्रत्यक्ष अवलोकन हेतु प्रायोजित करने की घोषणा की थी।



अपने इसी संकल्प को चरितार्थ करते हुए सांसद माया नारोलिया के तत्वावधान में 'लक्षार्थ 2026' के मेधावी छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली आमंत्रित किया गया। इस शैक्षणिक दल ने न केवल नवनिर्मित एवं ऐतिहासिक संसद भवन परिसर का सजीव अवलोकन किया, अपितु भारतीय संवैधानिक व्यवस्था, विधायी प्रक्रियाओं तथा संसदीय कार्यप्रणाली की बारीकियों को अत्यंत निकटता से समझा।

इसके अतिरिक्त, दल ने राष्ट्रपति भवन सहित देश की गौरवशाली सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों के विभिन्न संकुलों का भ्रमण कर भारत के समृद्ध स्थापत्य और लोकतांत्रिक मूल्यों की गहन अनुभूति प्राप्त की।

सरकार के विरोध में कांग्रेस ने बजाए झांझ मंजीरे, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में मंगलवार को ढोलक और झांज मंजीरा लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर महंगाई के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया । सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ता सतरस्ते से रैली के रूप में निकले और विभिन्न मार्गों से होते हुए इंदिरा चौक तक पहुंचे। नारेबाजी और गीत गाते हुए कार्यकर्ता हाथ में तख्ती लिए हुए थे।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि सरकार महंगाई कम नहीं करती तो हर जगह धरना प्रदर्शन किया जाएगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे ने बताया कि सरकार भाजपा सरकार के राज में महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है और इससे आम जनता परेशान हैं । भाजपा की नीतियां सही नहीं है। अब यदि जल्द महंगाई पर लगाम नहीं लगाया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर धर्मेंद्र तिवारी , गुलाम मुस्तफा सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।



एसपी कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई संपन्न, एसपी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आमजनों की समस्याओं के शीघ्र और प्रभावी समाधान के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नर्मदापुरम में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को अत्यंत गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें पारिवारिक विवाद, संपत्ति से जुड़े मामले, धोखाधड़ी और अन्य व्यक्तिगत शिकायतें शामिल थीं।



एसपी ने सभी शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों को तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता नागरिकों को समय पर न्याय दिलाना और पुलिस प्रशासन के प्रति आम जनता के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है। जनसुनवाई इसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंगलवार को आयोजन

जिलेभर के नागरिकों की सुविधा के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जिले के सभी थानों में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किया जाता है।

संत रविदास की जयंती पर निकली कलश वंदन रथ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर ग्राम मेहरागांव में भव्य रथ यात्रा एवं कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे ग्राम में निकली कलश यात्रा का ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मेहरागांव स्थित मंदिर में संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इसके पश्चात रविदास मंदिर के सेवादार अनोखी लाल का स्वागत एवं सम्मान किया गया। शासकीय कर्मचारी नीरज सोनी (अधीक्षक), मोनी सेबेस्टियन, ज्योति शर्मा, लक्ष्मण धुर्वे, शीला मालवीय एवं रिजवान वेग तथा सेवादार अनोखी लाल कलश यात्रा लेकर मेहरागांव पहुंचे।

जैन आर्यिका संघ प्रमुख ने महावीर भवन में दिए वक्तव्य


जो व्यक्ति रास्ते की बाधा को हटाने का संकल्प करता है वही जीवन की असली संपत्ति पाता है: आर्यिका भावनामति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

युवा होना केवल उम्र की पहचान नहीं, बल्कि ऊर्जा, उत्साह, बड़े सपनों और मजबूत संकल्प की पहचान है। जब युवा शक्ति सही दिशा में आगे बढ़ती है तो समाज और राष्ट्र का निर्माण करती है, लेकिन यही शक्ति गलत दिशा में चली जाए तो विनाश का कारण भी बन सकती है। युवा शक्ति यदि धर्म, संस्कार और संयम से जुड़ जाए तो वह पूरे समाज को बदलने की क्षमता रखती है।

यह उद्गार जैन आर्यिका संघ प्रमुख भावनामति ने महावीर भवन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा, युवाओं को आजादी चाहिए और आजादी मिलनी भी चाहिए, लेकिन यह समझना जरूरी है कि जिस आजादी में संस्कार नहीं, वह स्वच्छंदता है और जिस आजादी में संयम है, वही सच्ची स्वतंत्रता है।

युवाओं को प्रेरित करने वाली एक कहानी है। दो युवक एक रास्ते से जा रहे थे। रास्ते में एक बड़ा



पत्थर पड़ा था। पहले युवक ने पत्थर को देखकर कहा, "रास्ता ही खराब है, मेरी किस्मत ही खराब है। मेरे सामने यह पत्थर क्यों आया?" वह वहीं बैठकर अपनी किस्मत को कोसने लगा।

दूसरे युवक ने पत्थर को देखा और मुस्कराकर कहा, "पत्थर मेरे रास्ते में आया है, मेरी मंजिल में नहीं।" उसने पत्थर हटाने का संकल्प लिया। मेहनत की, पसीना बहाया और आखिरकार पत्थर को रास्ते से हटा दिया। पत्थर के नीचे एक पोटली मिली। उसमें धन नहीं, बल्कि एक संदेश था "जो व्यक्ति रास्ते की बाधा को हटाने का संकल्प करता है, वही जीवन की असली संपत्ति पाता है।"

आर्यिका भावनामति ने समझाया, आज युवाओं के जीवन में भी ऐसे अनेक पत्थर हैं। किसी के सामने मोबाइल का पत्थर है, किसी के सामने आलस्य का, किसी के सामने गलत संगति का, किसी के सामने क्रोध और नशे का। किसी के सामने हीन भावना का पत्थर है कि "मैं क्या कर सकता हूं?" जरूरत इस बात की है कि युवा तय करें वे जीवन के इन पत्थरों को हटाएंगे या उनके सामने बैठकर रोते रहेंगे। आलस्य है तो उसे हटाना होगा। क्रोध है तो उस पर नियंत्रण करना होगा। बुरी संगति है तो उससे दूरी बनानी होगी और मोबाइल का उपयोग करना है तो उसे जीवन पर हावी नहीं होने देना होगा।

शहर में सट्टा व्यापार पर रोक लगाने एसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के कोठी बाजार स्थित सब्जी मंडी में कथित तौर पर सट्टे का बड़ा कारोबार खुलेआम चल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मंडी क्षेत्र में सटोरिए बेखौफ होकर टेबल-कुर्सी लगाकर सट्टा लिख रहे हैं। इस संबंध में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात सामने आई थी । लेकिन अब तक इस पर कार्रवाई नहीं हुई है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के ग्वालटोली चौराहा के आसपास अवैध रूप से सट्टा लिखा रहा है एवं अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इसके कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा ग्वालटोली शासकीय स्कूल के सामने चौराहे पर लगा रहता है। इसी मुख्य मार्ग से स्कूली बच्चें और महिलाओं का आना जाना रहता है जिससें सभी को असुविधा होती है। इसको लेकर अखिल भारतीय ग्वाल महासभा ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

खबर संक्षेप



एसडीएम ने बरसाली हाईस्कूल का किया निरीक्षण

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार अनुविभागीय दंडाधिकारी बैतूल डॉ. अभिजीत सिंह ने बरसाली हाईस्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम डॉ. सिंह ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, उपस्थिति एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। एसडीएम ने शिक्षकों को विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। विद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे के निर्देश पर एसडीम डॉ. अभिजीत सिंह द्वारा विभिन्न स्कूलों के किए जा रहे आकस्मिक निरीक्षण से विद्यालयों की व्यवस्थाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों को और बेहतर बनाने की दिशा में प्रशासन की मंशा स्पष्ट होती है।

माह के अंतिम सोमवार निकाली कांवड़ यात्रा



शाहपुर। नगर की महिलाओं द्वारा बम-बम भोले, हर हर महादेव, जय बाबा महाकाल जैसे जयकारे लगाते हुए कावड़ यात्रा निकाली। कावड़ यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर शाहपुर में स्थित महाकाल मंदिर पहुंची, जहां जल अर्पित कर भगवान महाकाल का पूजन अर्चन किया गया। सावन माह में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना बहुत ही श्रद्धा भक्ति के साथ की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस माह में भगवान से पूजा अर्चना करके मनचाहा वर मांगा जाता है। भक्त महिलाओं के द्वारा मां माचना का पूजन अर्चन कर पवित्र जल कावड़ में भरकर लगभग 4 किलोमीटर की यात्रा बाजे गाजे के साथ महाकाल मंदिर पहुंचकर, भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया गया। एवं पूरे भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गई। एवं महिलाओं के द्वारा भगवान के सुंदर भजन गाए गए। कावड़ यात्रा में मुख्य रूप से सुमन गुप्ता, ममता गुप्ता निकिता गुप्ता, सीमा जांगड़े, पारुल ठाकुर,रजनी गुप्ता,अनीता सोनी,निर्मला सोनी,फूलवती चौरे, दीपना जगताप ,सुषमा राठौर,ज्योति गुप्ता, शामिल हुई।

फिर से गौठाना ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप हो रहा प्रतिदिन 35-40 टन कचरा

करोड़ों रुपए खर्च करके हटाया था 1.35 लाख टन कचरे का पहाड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

नगरपालिका ने करीब दो साल का लंबा समय और लगभग पांच करोड़ रुपए खर्च करके गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड को कचरे के पहाड़ से मुक्त कराया था, लेकिन अब फिर गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे डंप करने से यहां कचरे का ढेर लगते जा रहा है। जिससे भविष्य में लोगों को कचरे से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यह जरूर है कि नगरपालिका ने शहर के कचरे को ग्राम कढ़ाई स्थित नए डपिंग यार्ड में पहुंचाने की योजना बनाई गई थी और कुछ समय तक कचरा वहां ले जाया भी गया, किन्तु बारिश में रास्ता खराब होने के कारण कचरा गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के एक हिस्से में एकत्रित करना शुरू कर दिया है। बता दे कि नगरपालिका द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहित किया जाता है। एक अनुमान से शहर के 33 वार्डो से लगभग प्रतिदिन 35 से 40 टन कचरा निकल जाता है और इस कचरे को शहर के समीप स्थित गौठाना के ट्रेंचिंग ग्राउंड में जमा किया जा रहा है। गौठाना ट्रेंचिंग ग्राउंड में रोजाना कचरा जमा होने से यहां फिर से करीब दो हजार मेट्रिक टन कचरा जमा हो गया है। हालांकि नगरपालिका अधिकारियों का कहना है कि बारिश के बाद इस कचरे को कढाई में शिफ्ट कर दिया जायेगा। फिलहाल कोई जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण कचरे को वैकल्पिक तौर पर गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में एकत्रित किया जा रहा है।\

कढाई में डंपिंग यार्ड किया जा रहा तैयार

नगरपालिका ने शहर के कचरे को शहर के बाहर डंप करने के लिए कढ़ाई में डंपिंग यार्ड तैयार किया गया है। यहां एमआरएफ सेंटर का निर्माण भी शुरू हो चुका है। लेकिन बारिश के कारण रास्ता खराब है, जिसकी वजह से कढ़ाई डंपिंग यार्ड तक गाडिय़ों का पहुंच पाना मुश्किल हो रहा है। इस वजह से कचरा गाडिय़ों का कचरा फिलहाल गौठाना ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप करना पड़ रहा है। इसका असर गौठाना के प्रस्तावित क्रिकेट स्टेडियम पर भी पड़ रहा है, क्योंकि प्रतिदिन 36 से 40 टन कचरा एकत्रित होने से यहां दो माह में करीब दो हजार मैट्रिक टन कचरा एकत्रित हो चुका है। जिसकी वजह से यहां पुनः कचरा नजर आने लगा है।

इनका कहना है

बारिश के कारण रास्ता काफी खराब हो चुका है और अभी मार्ग बनाना संभव नहीं है। इस कारण कचरा नहीं पहुंचाया जा रहा है। कचरा डंप करने की कोई अन्य वैकल्पिक स्थान भी नहीं है, इसलिए कचरा गौठाना में एकत्रित कर रहे है। बारिश के बाद इस कचरे को शिफ्ट कर दिया जायेगा।
- पंकज धुर्वे, सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

कचरा प्रबंधन की स्थाई व्यवस्था नहीं, पुराने पर निर्भर

कचरा प्रबंधन की स्थायी व्यवस्था बनने से पहले ही पुराने विकल्प पर निर्भरता शुरू हो गई। कढ़ाई डंपिंग यार्ड के लिए रास्ता नहीं बनाने के कारण शहर का कचरा शहर में ही डंप किया जा रहा है। गौठाना में प्रतिदिन 35-40 टन कचरा पहुंचता रहेगा। बारिश के बाद यदि कचरे की प्रोसेसिंग और उठाव की व्यवस्था नहीं हुई तो समस्या और बिगड़ सकती है। नपा के सामने अब दोहरी चुनौती है, एक तरफ कढ़ाई डंपिंग यार्ड को शुरू करना और दूसरी तरफ गौठाना ट्रेंचिंग ग्राउंड को दोबारा कचरे के पहाड़ में बदलने से रोकना। वरना पांच करोड़ रुपए खर्च कर जिस समस्या को खत्म किया गया था, वही समस्या आने वाले समय में फिर नगरपालिका के लिए बड़ा वित्तीय और पर्यावरणीय संकट बन सकती है।

कचरे को लेकर कर चुके है रहवासी कई बार आंदोलन

गौठाना ट्रेंचिंग ग्राउंड के विरोध में यहां के रहवासी पहले कई बार अपना विरोध प्रदर्शन कर चुके है। जिसके बाद जिला प्रशासन और नपा ने कढ़ाई में डंपिंग यार्ड तैयार कराया है। लेकिन कढ़ाई तक कचरा पहुंचाने के लिए रास्ता नहीं बनाया। जिसकी वजह से नगरपालिका को पुराने यानि गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में ही कचरा डंप करना पड़ रहा है, जो भविष्य में नगरपालिका और यहां के रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। लोगों का कहना है कि बड़ी मुश्किल से गौठाना ट्रेंचिंग ग्राउंड से कचरा हटा था, अब फिर से कचरा गाडिय़ों के द्वारा शहर का कचरा गौठाना ट्रेंचिंग ग्राउंड में जमा होने लगा है। जिससे लोगों को गंदगी और गंदगी का सामना करना पड़ेगा।

1.35 लाख टन कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से हुआ निष्पादन

गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में नगरपालिका द्वारा वर्षो से कचरा एकत्रित किया जा रहा था। यहां कचरे के बड़े-बड़े पहाड़ लग गये थे। करीब 1.35 लाख टन पुराने कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन कराकर दस एकड़ का परिसर पूरी तरह कचरा मुक्त हुआ था, तो रहवासियों ने राहत की सांस ली थी। उम्मीद जगी थी कि अब इस जमीन का उपयोग जनहित के किसी बड़े प्रोजेक्ट के लिए होगा। नगरपालिका परिषद में यहां क्रिकेट स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव भी लिया गया। अब फिर प्रतिदिन 35 से 40 टन नया कचरा डंप किया जा रहा है। जिसकी वजह से ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का ढेर लगते जा रहा है और लोगों को परेशानी हो रही है, वह अलग है।

कलेक्टर चैंबर के सामने फर्श पर बैठी

खराब सड़क को लेकर 70 किमी दूर से बैतूल पहुंची स्कूली छात्राएं



बैतूल। बैतूल से करीब 70 किलोमीटर दूर चौपना पुनर्वास क्षेत्र की सैकड़ों छात्राएं मंगलवार को बैतूल पहुंचीं। उन्होंने वर्षों से खराब पड़ी सडक़ को लेकर कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन किया। सभी छात्राएं कलेक्टर चैंबर के सामने फर्श पर बैठ गईं और सडक़ मरम्मत की गुहार लगाई।

कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने जल्द रास्ता सुधारने का आश्वासन दिया। कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया गया कि लखीपुर से झोली-1 तक लगभग 1.8 किलोमीटर लंबी सडक़ वर्षों से पक्की नहीं बन पाई है। यह सडक़ चिखलपाटी, लखीपुर, झोली-1 सहित करीब 14 गांवों के हजारों लोगों के लिए चौपना आने-जाने का मुख्य संपर्क मार्ग है। छात्रा किरण पोतदार ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि उनका स्कूल चौपना में है। झोली नंबर-1 से लखीपुर के बीच सडक़ खराब होने के कारण उन्हें स्कूल पहुंचने में काफी परेशानी होती है। कीचड़ से उनके कपड़े खराब हो जाते हैं और वाहन से गिरने का खतरा बना रहता है। दूसरे रास्ते से जाने पर उन्हें नदी पार करनी पड़ती है। इस रास्ते से जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। खराब सडक़ के कारण कई बार छात्राएं स्कूल पहुंचने में देर हो जाती हैं। छात्राओं को गांव के ग्रामीणों का भी साथ मिला। ग्रामीणों ने कलेक्टर से सडक़ का सर्वे कराकर पक्की सडक़ की मांग की। उन्होंने अनुरोध किया कि जब तक पक्की सडक़ नहीं बन जाता, तब तक तत्काल मरम्मत कराया जाए। इससे ग्रामीणों और छात्रों को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी।

धर्म परिवर्तन मामले में आरोपी पर 10 हजार का इनाम

बैतूल। ग्राम घुघरी में धर्म परिवर्तन के लिए कथित रूप से प्रलोभन देने के मामले में फरार आरोपी गुणवंत पिता परसराम मालेवार, निवासी ग्राम गदराझिरी पर पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। बैतूल पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने यह घोषणा की। पुलिस की विशेष टीमें आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस के अनुसार, मामला 23 अगस्त को मैंसदेही के घुघरी गांव में सामने आया था। गुलाबराव इरपाचे के मकान में प्रार्थना सभा होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर कुछ लोग भाग गए थे। पुलिस ने गुलाबराव इरपाचे और महादेव पंढ्राम को गिरफ्तार किया था, लेकिन गुणवंत मालेवार मौके से फरार हो गया। इस मामले में शिकायत के आधार पर मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 की धारा 3 और 5 के तहत केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को मैंसदेही कोर्ट में पेश किया गया था। पुलिस के अनुसार, गुणवंत मालेवार के खिलाफ मैंसदेही थाने में वर्ष 2020 में भी एक मामला दर्ज हुआ था। उस प्रकरण में भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए, 294 और 34 के तहत कार्रवाई की गई थी।

लगातार बारिश से बढ़ा जलस्तर

सतपुड़ा के 7 गेट खुले, तवा नदी में छोड़ा 18 हजार क्यूसेक से अधिक पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

सतपुड़ा डेम में पहाड़ी नदियों का पानी बाढ़ के रूप में तेजी से पहुंच रहा है। लगातार बारिश के बाद जलस्तर बढऩे से डेम के 7 गेट खोल दिए गए हैं और तवा नदी में 18 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है। इसके चलते नदी-नालों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए डेम के 7 गेट 3-3 फीट की ऊंचाई तक खोल दिए गए हैं। जिनसे तवा नदी में प्रति सेकंड 18 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है। बीते 24 घंटों के दौरान क्षेत्र में करीब 3 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही इस वर्ष अब तक का कुल वर्षा आंकड़ा बढक़र 610 मिलीमीटर तक पहुंच गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश के कारण पहाड़ी नदियों और नालों का पानी बाढ़ के रूप में तेजी से सतपुड़ा जलाशय में पहुंच रहा है। जलाशय में पानी की लगातार बढ़ती आवक को देखते हुए डेम प्रबंधन द्वारा गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से तवा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और नदी-नालों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।प्रशासन और जलाशय प्रबंधन द्वारा नदी किनारे बसे ग्रामीणों से सतर्क रहने और नदी-नालों के आसपास जाने से बचने की अपील की जा रही है। मौसम और जलाशय में पानी की आवक पर लगातार नजर रखी जा रही है।

तीन आरोपी गिरफ्तार

डब्ल्यूसीएल खदान में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



सारनी। डब्ल्यूसीएल की तवा-02 खदान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का सारनी पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 60 फीट कॉपर केबल बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत 80 हजार रुपए बताई गई है। मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 20 से 22 अगस्त की दरमियानी रात तवा-02 खदान परिसर में 4-5 नकाबपोश बदमाश बाउंड्री कूदकर घुसे थे। आरोपियों के हाथों में कुल्हाड़ी और फरसा जैसे हथियार थे। बदमाशों ने मेन गेट के पास स्थित हॉल में लगा कॉपर केबल काटकर करीब 35-40 फीट केबल तथा हॉल में रखी विद्युत सामग्री चोरी कर ली थी। घटना की रिपोर्ट डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा के सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक गिरिधर डांगे ने 24 अगस्त को सारनी थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान धारा 112(2) बीएनएस भी जोड़ी गई। पुलिस टीम ने लगातार पतारसी और जांच के बाद ग्राम छतरपुर निवासी दीपक उर्फ दीपू आहके (27), हरिशंकर उर्फ टक्कल सरयाम (30) और सुमरलाल परते (33) को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपियों के कब्जे से 60 फीट कॉपर केबल बरामद की गई। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सारनी निरीक्षक जयपाल इनवाती, चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा उपनिरीक्षक मनोज उईके सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

13 केंद्रों पर 340 गर्भवती माताओं ने लिया गर्भसंस्कार का लाभ

स्वस्थ शिशु और सुखद प्रसव के लिए दी आयुर्वेदिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 25 अगस्त को बैतूल जिले के सभी 10 विकासखंडों के 13 स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भसंस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयुष विभाग के चिकित्सकों ने 340 गर्भवती माताओं को स्वस्थ शिशु एवं सुखद प्रसव के लिए आयुर्वेद में वर्णित गर्भिणी परिचर्या की जानकारी दी।

बैतूल कलेक्टर के निर्देश और जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर की पहल पर हुए कार्यक्रमों में गर्भवती महिलाओं को उचित आहार-विहार, दिनचर्या, योग, सकारात्मक सोच और प्रसव पूर्व आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया गया। गर्भावस्था के प्रत्येक चरण में मां और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए आयुर्वेद के सिद्धांतों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. विनीता महादुले एवं डॉ. लक्ष्मी किशनानी ने बताया कि जिले के सभी 10 ब्लॉकों में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 340 गर्भवती माताओं ने सहभागिता कर लाभ लिया। इसका उद्देश्य गर्भवती माताओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुए सुरक्षित एवं सुखद प्रसव तथा स्वस्थ शिशु के जन्म के लिए आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन देना है। आयुष चिकित्सकों ने गर्भवती माताओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, चिकित्सकीय सलाह का पालन करने और किसी भी समस्या या जटिलता के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने जिले की सभी गर्भवती माताओं से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर प्रत्येक माह 9 एवं 25 तारीख को आयुर्वेदिक गर्भसंस्कार कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

गणेश स्थापना तिथि पर भ्रम को लेकर पंडितों ने की सभा

सभा का निर्णय 13 सितंबर को हरितालिका और 14 सितंबर को विराजेंगे भगवान गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

यदा-कदा पंचांगों के अनुसार मिल रही तीज त्योहारों की तिथियां आमजनों को कई बार उलझन में डाल देती है, ऐसे में इस बार अगले माह घर-घर में पूजित प्रथम देव भगवान गणेश की स्थापना को लेकर भी भारतीय पंचांगों में बताई जा रही गणेश स्थापना की तिथि को लेकर बन रहे भ्रम से हिंदू परिवारों में असमंजस बढ़ गया है। गौरतलब है कि गणपति उत्सव हिंदुओं का एक बड़ा उत्सव है। अगले माह 14 सितंबर को भाद्र शुक्ल चतुर्थी को भगवान गणेश की स्थापना होना है, किंतु ज्यादातर भारतीय पंचांग में इसी दिन भाद्र शुक्लपक्ष तृतीया तिथि भी बताई गई है और भाद्र शुक्लपक्ष तृतीया को हरितालिका (तीजा) का पूजन भी होता है, जो खास तौर पर महिलाओं द्वारा किया जाता है।

वैदिक शास्त्र और लोकाचार में यही मान्यता है कि हरितालिका का व्रत रात्रि जागरण के पश्चात ही पूर्ण होता है,और अगले दिन हरितालिका घट का विसर्जन के पश्चात ही गणेश स्थापना की जाती है। किंतु इस बार पंचांग में दोनों तिथि तृतीया और गणेश चतुर्थी एक ही दिन आने से हिंदू परिवारों में तिथियों को लेकर भ्रम और असमंजस बन गया है। इसको लेकर पिछले दिवस इलाके के ज्योतिष के जानकारों ने एक सभा का आयोजन कर अगले माह हरितालिका, गणेश स्थापना ऋषि पंचमी सहित कुछ अन्य तिथियों को लेकर भी आमजनमानस में बन रहे भ्रम का निराकरण किया है।

बारी-बारी से होंगे हरितालिका गणेश स्थापना और ऋषि पंचमी

आमला में ब्राह्मण सभा और ज्योतिष के जानकारों की बैठक में अगले माह कुछ तीज त्योहारों की तिथि को लेकर बन रहे भ्रम को दूर किया गया है। दरअसल अगले माह सितंबर में गणेश स्थापना और हरितालिका तीज की तिथि एक ही दिन पंचांग में दिखाई गई है,और ये दोनों ही त्योहारों का हिंदू परिवारों में विशेष महत्व है। जैसा कि कर्मकांड में बताया गया है, कि इसके रीति-रिवाज को एक ही दिन करना संभव नहीं है,ऐसे में इलाके के ज्योतिष के जानकारों ने कर्मकांडों और शास्त्रीय नियम के आधार पर हरितालिका,गणेश स्थापना और ऋषि पंचमी को अलग-अलग दिन पर करने की सलाह दी है। इस मौके पर पंडित अमित शर्मा, हरि महाराज, सुनील मिसर,शीतल महाराज, विजय,अक्षत डफाने आदि पंडितों ने भी सर्वसम्मति से ब्राह्मण सभा में तिथियों को लेकर बने भ्रम पर अपने विचार बताकर आम जनमानस का भ्रम दूर कर दिया है।

भोपाल में प्रदर्शन के बाद अब बैतूल में दिया धरना

ई-अटेंडेंस और वेतन विसंगति के खिलाफ कृषि विस्तार अधिकारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता और वेतन संबंधी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे कृषि विस्तार अधिकारियों ने अब आर-पार की लड़ाई शुरू कर दी है। 21 अगस्त को भोपाल के अंबेडकर पार्क में प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन और 24 अगस्त को सामूहिक अवकाश के बाद मंगलवार 25 अगस्त से प्रदेशभर के कृषि विस्तार अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। बैतूल जिले के सभी विकासखंडों के अधिकारी जिला मुख्यालय स्थित उप संचालक कृषि कार्यालय के प्रांगण में धरने पर बैठ गए हैं। इससे कृषि विभाग के मैदानी कामकाज पर असर पडऩे की स्थिति बन गई है। मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के तहत अधिकारियों ने पहले ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार, ज्ञापन और कलमबंद कार्य बहिष्कार किया। इसके बाद 21 अगस्त को भोपाल के अंबेडकर पार्क में प्रदेशभर के कृषि विस्तार अधिकारियों ने एकजुट होकर बड़ा धरना-प्रदर्शन किया। शासन स्तर पर मांगों के निराकरण को लेकर ठोस पहल नहीं होने से आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। 24 अगस्त को प्रदेशभर के अधिकारी सामूहिक अवकाश पर रहे और अब 25 अगस्त से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया गया है।

ई-एचआरएमएस में ई-अटेंडेंस सबसे बड़ी नाराजगी

अधिकारियों का कहना है कि ई-एचआरएमएस प्रणाली में ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता मैदानी कार्यप्रणाली के अनुरूप नहीं है। कृषि विस्तार अधिकारियों की जिम्मेदारी कई गांवों और कृषि केंद्रों तक फैली रहती है। खाद-बीज वितरण, फसल सर्वे, कृषि योजनाओं का क्रियान्वयन और किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन जैसे कार्यों के लिए उन्हें लगातार फील्ड में रहना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क और अन्य तकनीकी सुविधाओं की समस्या के कारण ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में व्यावहारिक दिक्कतें भी सामने आती हैं।

चार प्रमुख मांगों पर अड़े अधिकारी

संघ की प्रमुख मांगों में ई-एचआरएमएस प्रणाली में ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता समाप्त करना, कृषि विस्तार अधिकारियों को 2800 रुपए ग्रेड-पे का लाभ देना, अतिरिक्त केंद्र का प्रभार संभालने वाले अधिकारियों का भत्ता 500 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए प्रतिमाह करना तथा पटवारियों की तर्ज पर 4000 रुपए एग्री स्टैक भत्ता देना शामिल है। संघ का कहना है कि अतिरिक्त केंद्र और दर्जनों गांवों की जिम्मेदारी के मुकाबले वर्तमान 500 रुपए का भत्ता बेहद कम है।

बैतूल में रोजाना सुबह 10 से शाम 6 बजे तक धरना

बैतूल जिला इकाई अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सूर्यवंशी, सचिव वेदराम यादव और प्रांतीय प्रतिनिधि सुरेश इरपाचे के नेतृत्व में जिला स्तर पर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से धरना दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर शासन का कई बार ध्यान आकर्षित कराया है, लेकिन अब तक सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कृषि विस्तार अधिकारी किसानों के बीच मैदानी स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हैं, इसलिए उनकी कार्यप्रणाली को ध्यान में रखकर ई-अटेंडेंस व्यवस्था में आवश्यक संशोधन किया जाना चाहिए। संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगों के सकारात्मक निराकरण तक अनिश्चितकालीन हड़ताल और धरना जारी रहेगा। शासन की ओर से आगे क्या पहल होती है, इसके आधार पर आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी।

खबर संक्षेप

एटीएम में फैली गंदगी



पचमढ़ी। कहने को तो मध्यप्रदेश का काश्मीर एक मात्र हिल स्टेशन कहा जाता है। यहां विभिन्न राज्यों से पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। पीएम के 'कैश लेश इंडिया' में एस.बी.आई एटीएम में शनिवार रविवार को कैश ही नहीं होता तो कभी एटीएम मशीन काम नहीं करती कभी सर्वर की समस्या होती है। अब हालात ये है कि एटीएम के अंदर गाय का गोबर पड़ा हुआ है। ये एटीएम पचमढ़ी के मुख्य मार्केट जवाहर चौक पर है। कुछ लोगों का कहना है कि इस एटीएम में कोई गार्ड नहीं है ओर कई बार इसके अंदर गाय एवं बैल भी बैठे देखे गये है। क्या इन एटीएम की कोई सुध लेने वाला नहीं है या एस.बी.आई बैंक प्रबंधन को इसकी जानकारी नहीं है। यही अनियमिताएं बैंक प्रबंधन पर सवाल उठाने पर आम नागरिकों को मजबूर करती है।

बुधनी में 2.05 इंच बारिश रिकॉर्ड

सीहोर। जिले में मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। सोमवार को जिले में औसतन 0.38 इंच बारिश दर्ज की गई। इस दौरान बुधनी क्षेत्र में सर्वाधिक 2.05 इंच वर्षा हुई। अन्य क्षेत्रों में भैरूंदा में 0.71 इंच, श्यामपुर में 0.22 इंच और सीहोर शहर में 0.08 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई।

सीएमएचओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक

प्रत्येक शिशु मृत्यु प्रकरण का विश्लेषण कर संभावित कारणों की पहचान की

53 दिनों में 76 शिशुओं की मौत, 54 नवजातों की मृत्यु, सेप्सिस और जन्म श्वासावरोध सहित कई कारण आए सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक की अध्यक्षता में सोमवार को शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में हुई शिशु मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए मृत्यु के कारणों, मृत्यु के स्थान, रिपोर्टिंग स्थिति तथा अस्पताल एवं समुदाय स्तर पर की गई समीक्षा की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रत्येक शिशु मृत्यु प्रकरण का गहन विश्लेषण कर संभावित कारणों की पहचान, समय पर उपचार एवं रेफरल व्यवस्था को मजबूत करने तथा भविष्य में ऐसी मौतों को रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। डॉ. बेक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से नियमित रूप से शिशु मृत्यु समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का ड्यूटी चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में आने वाली गर्भवती महिलाओं में संक्रमण की रोकथाम के लिए महिलाओं एवं उनके परिजनों को पर्याप्त समझाइश देने तथा प्रदर्शन के माध्यम से हाथ धोने का सही तरीका सिखाने पर भी जोर दिया।

शिशु मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी ने बताया कि जिले में 1 जुलाई 2026 से 22 अगस्त 2026 के बीच कुल 76 शिशु मृत्यु प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें 0 से 28 दिन आयु वर्ग में 54 मृत्यु, 29 दिन से 1 वर्ष आयु वर्ग में 14 मृत्यु तथा 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग में 8 मृत्यु के मामले सामने आए। इनमें से 58 शिशुओं की मृत्यु अस्पताल में, 11 की घर पर तथा 7 की अस्पताल ले जाते समय हुई। समीक्षा में मृत्यु के प्रमुख कारणों में सेप्सिस, एचआईई एवं मध्यम से गंभीर जन्म श्वासावरोध, रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम, निमोनिया, अत्यंत कम जन्म वजन, 28 सप्ताह से कम गर्भावधि में जन्म तथा जन्मजात विकृतियां प्रमुख रूप से सामने आईं। बैठक में अस्पताल एवं समुदाय स्तर पर शिशु मृत्यु समीक्षा की प्रगति की भी जानकारी ली गई। जिला स्तर पर 1 अप्रैल से 11 अगस्त तक प्राप्त 213 रिकॉर्ड में से सभी 213 रिकॉर्ड की समीक्षा पूर्ण पाई गई। बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी, प्रभारी एसएनसीयू डॉ. वैशाली निगम, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा पवैया, डीपीएम कामाक्षी दुबे, डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय, समस्त विकासखंड मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, संबंधित चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर उपस्थित रहे।

सोहागपुर पुलिस ने परिजनों को सौंपी भटकी बच्चियां

आमजनों से अपील- रखें बच्चों का ध्यान, बढ़ाएं निगरानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

थाना सोहागपुर पुलिस ने बच्चों की गुमशुदगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई कर सोमवार को अलग-अलग घटनाओं में चार बच्चियों को तलाशा। इसके बाद उन्हें सकुशल कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

सोहागपुर टीआई गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि पहले मामले में ऋषिका पुर्विया एवं छाया कुशवाहा सोमवार सुबह लगभग 9:30 बजे अपने घर से बिना बताए चली गई थीं। परिजन उनकी तलाश करते हुए थाना सोहागपुर पहुंचे। सूचना मिलते ही थाना पुलिस द्वारा तत्काल टीम भेजकर दोनों बच्चियों की तलाश की गई। पुलिस के प्रयास से दोनों बच्चियां सकुशल मिल गईं। जिन्हें आवश्यक कार्रवाई के बाद उनके परिजन के सुपुर्द किया गया है। वहीं दूसरे मामले में थाना सोहागपुर क्षेत्र में ईजाम बी उम्र 10 वर्ष एवं रौनक बी उम्र तीन वर्ष कस्बे में लावारिस अवस्था में घूमती हुई मिलीं। पूछताछ में बच्चियों ने बताया कि वे शोभापुर तरफ से बस में बैठकर आई थीं। परिजनों द्वारा डांटने के कारण वे घर से निकली थीं। लेकिन उन्हें अपने घर का पूरा पता ज्ञात नहीं था। पुलिस द्वारा बच्चियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर उनके परिजनों की तलाश की गई। बाद में दोनों बच्चियों को उनकी माता रजीना निवासी शारदा मंदिर के पास बरेला जबलपुर तथा राजा पिता विष्णु केवट निवासी रेता घाट नर्मदापुरम के सुपुर्द किया गया।

पुलिस ने की अपील

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर चारों बच्चियों को सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाया है। सोहागपुर एसडीओपी अरविंद साहा, टीआई गिरीश त्रिपाठी व अन्य पुलिसकर्मियों ने आमजन से अपील की है कि बच्चों को बिना बताए घर से बाहर जाने से रोकें। साथ ही बच्चों उनकी सुरक्षा सहित उनकी सतत निगरानी का विशेष ध्यान रखें। किसी बच्चे के लापता होने अथवा भटकने की स्थिति में तत्काल नजदीकी पुलिस थाना को सूचना दें। आमजनों से भी पुलिस ने आपील की है कि बच्चे भटकते दिखें तो थाने में तत्काल सूचना दें।

देवास से उज्जैन तक निकली कांवड़ यात्रा

देवास। शहर एवं क्षेत्र में अच्छी वर्षा और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर संस्था हँसो महाकाल द्वारा रविवार को देवास से बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन तक कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा संयोजक आकाश अग्रवाल ने बताया कि कावड़ यात्रा का शुभारंभ सिद्धिविनायक परिसर, सयाजी में भगवान श्री गणेश की आरती एवं पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, गुरुदेव अरुण तिवारी, एमआईसी सदस्य शीतल गहलोत, नेता प्रतिपक्ष राहुल पवार, नरेंद्र सोलंकी, एल्डरमैन सचिन सोनी, भजन गायक द्वारका मंत्री, हिम्मतसिंह चावड़ा, किशोर चौधरी, प्रजापति समाज युवा अध्यक्ष दीपक टँकराया सहित अनेक श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे।



जादुई पिटारा बना बच्चों की खुशियों का नया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बच्चों में जॉयफुल लर्निंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चयनित प्राथमिक शालाओं को प्रदान किए गए 'जादुई पिटारा' का शासकीय प्राथमिक शाला सांगाखेड़ा खुर्द में प्रभावी उपयोग किया गया। पिटारे से निकले विभिन्न खेल-यंत्रों एवं शिक्षण-सामग्री के माध्यम से शिक्षक ने बच्चों को कक्षा-कक्ष में गतिविधियां कराईं। खेल-खेल में सीखने के इस अभिनव प्रयोग से बच्चे उत्साहित, आनंदित और सक्रिय नजर आए। बच्चों ने स्वयं खेल-यंत्रों का प्रयोग करते हुए सीखने की प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यालय में मार्गदर्शी जनशिक्षक डॉ. अमजद खान एवं लक्ष्मण सिंह इरपाचे के मार्गदर्शन में सहयोगी शिक्षक राजू अग्रवाल एवं शिक्षिका सलमा खान ने बच्चों को गतिविधियों से जोड़ते हुए जॉयफुल लर्निंग को साकार किया।

वित्तीय सलाहकारों को मिला नई ऊर्जा और दिशा का मंत्र

आरबीआई की प्रेरणादायी कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



वित्तीय साक्षरता को जन-जन तक पहुंचाने और वित्तीय सलाहकारों की कार्यक्षमता को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राजधानी रायपुर में एक दिवसीय ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यशाला की मुख्य आकर्षण रहीं केंद्रीय कार्यालय से पधारी जी.एम., एफ.आई.डी.डी. श्रीमती नम्रता शुक्ला। उन्होंने अपने ओजस्वी और प्रेरणादायी उद्बोधन में सभी वित्तीय सलाहकारों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय सलाहकार ही बैंक और आम नागरिक के बीच सबसे मजबूत कड़ी हैं, और उनकी सही सलाह ही देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाती है। कार्यशाला में आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने वित्तीय साक्षरता, ग्राहक जागरूकता और सलाहकारों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से प्रकाश डाला। आर.ओ. से जी.एम. मनीष परासर, केंद्रीय कार्यालय से ए.जी.एम. हेमंत दंडवते, रायपुर से ए.जी.एम. सत्येंद्र राठौर, प्रबंधक नवीन तिवारी तथा ओ.आर.बी.आई.ओ. रायपुर से प्रबंधक जतिन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यशाला में ये दिग्गज रहे मौजूद

इस महत्वपूर्ण अवसर पर पुणे केंद्रीय कार्यालय से ए.जी.एम. श्रीमती पूजा शर्मा, छत्तीसगढ़ किरार, परशुराम कुशवाहा, राजेश बहेलिया, प्रभात सेन और संदीप सेन ने सक्रिय सहभागिता कर अपने अनुभव साझा किए।

अनुभव साझा करने का मिला मंचः

कार्यशाला की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि यहाँ विभिन्न एनजीओ से जुड़े स्टाफ और वित्तीय सलाहकारों को एक ही मंच पर अपने विचार, चुनौतियाँ और सफलताओं की कहानियाँ साझा करने का सुनहरा मौका मिला। सभी ने एक-दूसरे से सीखने और बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि यह आयोजन महज एक कार्यशाला नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुभव, संवाद और प्रेरणा का संगम* साबित हुआ, जो आने वाले समय में वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को नई गति प्रदान करेगा।

शराब के लिए नहीं दिए पैसे तो की तोड़फोड़, मामला दर्ज

शांतिलाल जैन पैट्रोल पंप पर किया विवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मंगलवार को शांतिलाल जैन पैट्रोल पंप पर तोड़फोड़ की घटना का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया फरियादी सुनील जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मंगलवार दोपहर 3 बजे बागरा रोड निवासी निक्कू बसोड़ पेट्रोल पंप पर आया मेरे कर्मचारी सूरज कहार को गालियां देकर बोला परसों में पेट्रोल लेने आया था तूने मुझे पेट्रोल क्यों नहीं दिया। शराब पीने पैसे मांगे कर्मचारी ने नहीं दिए तो मशीन में डंडे मारे तोड़फोड़ की फिर चाकू लेकर आया। पंप के ऑफिस में कांच फोड़ दिए जिससे लगभग 2000 का नुकसान हुआ है और जाते-जाते जान से मारने की धमकी देकर गया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

झूलेलाल दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़, निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया सिंधी कॉलोनी स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में 16 अगसत से 25 अगसत तक चालीहा व्रत महोत्सव के अंतर्गत आध्यात्मिक छटा देखने को मिली । आस्था, भक्ति,और समर्पण के इस पावन पर्व पर सिंधी समाज के अध्यक्ष गोपाल दास दुदानी ने बताया कि नगर में विशालकाय शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। अनेकानेक गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इष्टदेव वरुण भगवान के अवतार झूलेलाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया गया।इस दौरान पुरे नगर में जगह-जगह स्वागत सम्मान किया गया। सभी ने पूजा अर्चना करते हुए पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।इस शुभ अवसर पर भगवान के दरबार में उमड़ी भीड़ में राजनीतिक दलों के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों की अनेक हस्तियों ने अपनी हाजरी लगवाई गई।सिंधी समाज ने समरद सांस्कृतिक परंपरा और अतिथि सत्कार का निर्वाहन करते हुए अतिथियों का पाखर पहनाकर स्वागत सम्मान किया। पचमढ़ी रोड से लेकर मंगलवारा चौराहे पर दुर्गा मंदिर न्यास एवं धर्मस्व विभाग नगरपालिका परिषद के द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा संबंधित सभी का स्वागत किया गया। सिंधी समाज में चालिहा महोत्सव का अत्यधिक महत्व है।40दिनो तक चलने वाले इस कठिन तप और व्रतकथा के दौरान मोहित दुदानी ,लखन आनंदानी , ने बताया कि लगभग प्रतिदिन मंदिर में भगवान के सामने भजन कीर्तन पजड़े और सत्संग का आयोजन किया गया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सत्र 2026-27 के दौरान संचालित होने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सत्र 2026-27 के प्रस्तावित आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही गोद ग्राम के चयन एवं सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यों, ग्रामीणों को कार्यक्रमों से जोड़ने तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े प्रभावी कार्यों की योजना पर अपने सुझाव दिए। एनएसएस के माध्यम से पचमढ़ी में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण सहित विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. सत्य प्रकाश पटेल, मैडम दीपाली जैन सहित सलाहकार समिति के भानू तोमर,रूपेंद्र साहू, उमेश बरैया और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करते हुए उन्हें आगामी गतिविधियों में शामिल करने तथा स्वयंसेवकों को सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करने की बात कही। अंत में महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रफुल्ल कुमार टेंभरेकर ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

पिपरिया में भी हुआ कार्यक्रम

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिलारीकेएक निजी होटल में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला पिपरिया द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र सहकार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध के द्वारा अपना विषय रखा गया।इस अवसर पर जिला चालक शिवदयाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं के विचार, एवं संवाद और राष्ट्रीय निर्माण की दिशा में एक विशेष पहल की गई है। युवा मोर्चा के पंजीकरण कराया गया। संवाद से संकल्प युवा से राष्ट्रीय निर्माण करने के लिए आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के अलावा कुछ स्वयं सेवक भी उपस्थित रहे।

जन्म प्रमाण पत्र से रिजेक्ट हो रहे आधार कार्ड के आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जिले में बच्चों के पहली बार आधार कार्ड बनवाना नागरिकों के लिए मुश्किल हो गया है। क्योंकि जन्म प्रमाण पत्र के साथ अपलोडिंग पर फार्म रिजेक्ट हो रहे हैं। नागरिकों के अनुसार इन दिनों नर्मदापुरम जिले में वे लोग बहुत परेशान हो रहे हैं, जो अपने बच्चों का आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर बनवाना चाह रहे हैं। नागरिकों की शिकायत पर हरिभूमि प्रतिनिधि ने सोहागपुर स्थित आधार कार्ड अपडेशन केंद्रों का अवलोकन किया। तो पूछताछ में अपडेशन केंद्रों के संचालकों ने बताया कि बच्चे का नया आधार कार्ड बनाने के लिए माता-पिता उसका जन्म प्रमाण पत्र लेकर आते हैं। जिसे बच्चों का नया अर्थात पहली बार आधार कार्ड बनाने के लिए अपलोड करना होता है। लेकिन जन्म प्रमाण पत्र को सिस्टम पर अपलोड करते ही फॉर्म रिजेक्ट हो रहे हैं। जिसके कारण नागरिक परेशान हैं।

सम्राट बने बजरंग दल जिला सह संयोजक



पचमढ़ी। मंगलवार को इटारसी में बजरंग दल की विभाग बैठक में पचमढ़ी के सम्राट हिंदू को सर्व सहमति से बजरंग दल का जिला सह संयोजक नियुक्त किया गया है। नगर के लिए गौरव की बात है कि सम्राट को जिले में दायित्व दिया है। सम्राट धर्म विरोधी कार्य करने वाले के वरोध में भी कार्य करते नजर आए है साथ ही गौ सेवा के लिए भी तत्पर रहते है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों एवं मित्रों के द्वारा सम्राट को बजरंग दल जिला सह संयोजक के दायित्व के लिए संजय कोरी,सौरभ बान,सनी बुसैल बंटी आदि ने बधाई एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

प्रतिवर्ष किया जाता है आयोजन

श्री शंभू दरबार में हुआ शिवाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री शंभू दरबार पलाश परिसर में श्रावण मास अवसर पर शिवाभिषेक कार्यक्रम किया गया है। उल्लेखनीय है कि दशकों तक शिवलोक वासी संत पं. मनमोहन मुदगल महाराज की प्रेरणा यह आयोजन श्रावण मास में किया जाता रहा। और अब मध्य प्रदेश आध्यात्म एवं सनातन संस्कृति पुनरुत्थान मंडल के गादीधारी पं. प्रकाश मनमोहन मुदगल के सानिध्य में यह आयोजन किया जाता है। सोमवार की रात भी श्री शंभू दरबार में यह आयोजन किया गया, जिसमें श्वेत स्वरूप में भोलेनाथ का रूद्र अभिषेक किया गया। आचार्य पं. गौरीशंकर शास्त्री पिपरिया एवं अन्य ब्राह्मण विप्रजनों के द्वारा अभिषेक कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक एवं महिला मंडल उपस्थित रहा। अभिषेक पं. प्रकाश मुदगल महाराज ने सपत्नीक किया। इस दौरान महाराज जी की माताजी एवं परिजनों ने सहभागिता की।

भक्तों से धर्म प्रसंग चर्चा में पं. प्रकाश मुदगल ने कहा कि श्रावण मास में श्वेत शिवलिंग का अत्यधिक महत्व है। शिव पुराण में लिखा है कि श्वेत पार्थिव शिवलिंग से घर में सुख, समृद्धि तथा लक्ष्मी स्थिर रहते हैं और परिवार में शांति बनी रहती है। उन्होंने बताया कि श्री शंभू दरबार में अभिषेक पूरे श्रावण मास में किया जाता है।

समरसता संकल्प अभियान पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के निर्देशन में श्री गुरु रविदासजी महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा हेतु कार्यक्रमों का आयोजन उनकी 650 वीं जन्म जयंती पर किया जा रहा है। इस हेतु 24 अगस्त को निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई निबंध में प्रथम स्थान मनोज अहिरवार,द्वितीय स्थान सरिता ,तृतीय स्थान अमृता यादव ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अमित अहिरवार प्रथम रहे। हरीश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान पर अर्चना यादव रही। 25 अगस्त को चित्रकला में प्रथम अर्चना यादव,द्वितीय शानू कहार,तृतीय कुंजन रही। गायन में प्रथम मनोज अहिरवार,द्वितीय नंदिनी प्रजापति तथा तृतीय अर्चना यादव रही।

खबर संक्षेप

मूंग स्टॉक में अंतर, 1 लाख 11 हजार 699 रुपए की वसूली

हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भार साधक अधिकारी अशोक डेहरिया के निर्देशन में कृषि उपज मण्डी में मूंग क्रय करने वाले अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का भौतिक सत्यापन किया गया। सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा ने बताया कि सत्यापन के दौरान 22 व्यापारियों के स्कंध में 122 क्विंटल का अंतर पाया गया, जिस पर नियमानुसार 5 गुना मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं प्रशमन शुल्क के रूप में राशि 1 लाख 11 हजार 699 रूपये की वसूली की गई। निरीक्षण दल में मण्डी निरीक्षक हरनारायण भिलाला, मनीष कुमार मौर्य, नरेन्द्र देवड़ा, चन्द्रप्रकाश भलावी, कमलकिशोर उमरिया व गोविन्द वल्लभ शर्मा मौजूद रहे।

मंडी में 4 दिन नीलामी कार्य बंद रहेगा

हरदा। सचिव कृषि उपज मंडी हरदा ने बताया कि 26 अगस्त और 28, 29 व 30 अगस्त को कृषि उपज मण्डी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने बताया कि 26 अगस्त बुधवार को मिलाद-उन-नबी, 28 अगस्त शुक्रवार को रक्षाबंधन, 29 अगस्त शनिवार को भुजरिया का स्थानीय अवकाश तथा 30 अगस्त रविवार को शासकीय अवकाश होने के कारण कृषि उपज मण्डी में नीलामी कार्य बंद रहेगा।

टिमरनी में प्रधानमंत्री युवा संवाद का आयोजन

हरदा। खेल दिवस के अवसर पर 27 अगस्त को माय भारत हरदा और भाऊ साहब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय, टिमरनी की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में प्रधानमंत्री युवा संवाद का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का युवाओं के साथ सीधा टू-वे (आभासी) संवाद होगा। इसमें देश भर के युवाओं को अपने विचार और सुझाव सीधे साझा करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डी. डी. उइके उपस्थित रहेंगे। वे इस दौरान युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में दो राष्ट्रीय खेल हस्तियों और यूथ आइकॉन को भी आमंत्रित किया गया है। ये हस्तियां युवाओं के साथ अपनी सफलता, संघर्ष और खेल यात्रा के अनुभव साझा कर उन्हें प्रेरित करेंगी।

इकलौते बेटे पर घर से निकालने का आरोप, एसडीएम ने दिया उचित कार्रवाई का भरोसा

हरदा। रहटगांव थाना क्षेत्र के टेमागांव की रहने वाली 50 वर्षीय रामवती ने अपने इकलौते बेटे पर घर से निकालने का आरोप लगाया है। उन्होंने मंगलवार को एसपी से शिकायत कर बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले में टिमरनी एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। रामवती पति स्व. मोहनलाल मालवीय ने बताया कि उनके एक बेटा अनिल मालवीय और एक शादीशुदा बेटी है। पति की मौत के बाद वह जैसे-तैसे अपना गुजारा कर रही हैं। उनके बेटे ने कुछ साल पहले लव मैरिज की थी। रामवती का आरोप है कि इसके बाद बेटे ने उन्हें टेमागांव स्थित पैतृक मकान से निकाल दिया। महिला के मुताबिक, वह पिछले 15 से 20 दिनों से यहां-वहां रहकर दिन गुजार रही हैं। उनका बेटा अपनी पत्नी के साथ टिमरनी में रहता है। वहीं, टेमागांव स्थित पैतृक मकान पर ताला लगा हुआ है। रामवती ने आरोप लगाया कि बेटा और बहू उन्हें प्रताड़ित कर घर से बाहर कर रहे हैं। उन्होंने बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला और उनकी शादीशुदा बेटी ने यह भी आरोप लगाया कि अनिल बेटी को गालियां देता है और दोनों को जान से मारने की धमकी देता है। शिकायत सुनने के बाद टिमरनी एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया ने महिला को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की विभिन्न समस्याएं

समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया, डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे एवं असवनराम चिरामन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में हरदा निवासी ममता ने गैस एजेन्सी द्वारा समय पर गैस सिलेण्डर उपलब्ध नहीं कराने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम रूनझुन निवासी हरिशंकर ने ग्राम मांदला के आंगनवाड़ी भवन निर्माण की मजदूरी प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को मामले की जांच कर समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी असलम खान ने ग्राम बालागांव में नाली निर्माण हेतु उपलब्ध कराये गये उपकरणों के लिये बकाया राशि रूपये 86 हजार का भुगतान नहीं होने के संबंध में शिकायत की, जिस कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को मामले की जांच कर समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम मंझली निवासी शाहरूख अली ने संबल कार्ड बनवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवेदक की पात्रता अनुसार संबल कार्ड बनवाने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी मेमूना बी ने अपने प्लाट से अतिक्रमण हटवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को प्रकरण की जांच कर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये गये।



छात्रावास की शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचे छात्र

हरदा। मंगलवार को जिला पंचायत में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के कुछ छात्र शिकायत लेकर पहुंचे। छात्रों ने छात्रावास अधीक्षक और वाटरमैन को हटाने की मांग को लेकर विभाग के जिला संयोजक को आवेदन दिया। छात्रों ने आवेदन में बताया कि वर्तमान अधीक्षक माखन झिंझोरे के साथ उनका संचार और व्यावहारिक तालमेल नहीं बन पा रहा है। इसके कारण छात्रावास के मेस संचालन और अन्य गतिविधियों में परेशानी हो रही है। छात्रों का कहना है कि पिछले सत्र में भी अधीक्षक को प्रभार दिए जाने के दौरान इसी तरह की समस्याएं सामने आई थीं। उन्होंने अधीक्षक को हटाकर किसी अन्य व्यक्ति को प्रभार देने की मांग की। छात्रों ने वाटरमैन को हटाने की मांग भी की। उनका कहना है कि वाटरमैन के गले में दिक्कत होने के कारण उनकी बात ठीक से समझ नहीं आती। छात्रों ने बताया कि 24 अगस्त को भी जिला अधिकारी के समक्ष शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। अधीक्षक माखन झिंझोरे ने अपनी सफाई में कहा कि कुछ सीनियर छात्र करीब दस साल से छात्रावास में रह रहे हैं, जबकि शासन के नियमानुसार मास्टर डिग्री पूरी करने वाले छात्रों को छात्रावास में रहने की पात्रता नहीं है। उन्होंने कहा कि इन छात्रों को छात्रावास खाली करने के लिए कहने पर वे दबाव बनाते हैं। झिंझोरे ने कहा कि उनकी ओर से विद्यार्थियों से कभी कोई गलत व्यवहार नहीं किया गया। विभाग के जिला संयोजक प्रमोद माथुर ने बताया कि छात्रों से मिले आवेदन की जांच कराई जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाटरमैन को लेकर छात्रों की शिकायत का भी संज्ञान लिया है।

नाले में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कोलवा में बीती रात 48 वर्षीय परमानन्द जाट की हत्या कर दी गई। उनका शव गांव के बाहर खेत किनारे स्थित नाले में मिला। परमानन्द घर से करीब दो लाख रुपए लेकर निकले थे और देर रात तक वापस नहीं लौटे। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की है। परिजनों के अनुसार, परमानन्द के देर रात तक घर नहीं लौटने पर उनकी तलाश शुरू की गई। गांव के बाहर नाले के किनारे उनकी बाइक खड़ी मिली। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। सुबह परिजन और पुलिस खेत के पास पहुंचे, जहां नाले में परमानन्द का शव मिला।

एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम की मदद से मौके से साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया है। शव की स्थिति को देखते हुए आशंका है कि मृतक के गले, पैर और पीठ पर धारदार हथियार से हमला किया गया। मौके की स्थिति से पुलिस को आशंका है कि आरोपियों ने पहले खेत में परमानन्द की हत्या की और इसके बाद शव को खींचकर खेत किनारे स्थित नाले में फेंक दिया। पुलिस अब घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर वारदात की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक का गांव के ही एक व्यक्ति से रुपयों का लेनदेन था। इसके अलावा वह पुरानी वस्तुओं की खरीद-बिक्री भी करते थे। पुलिस इन दोनों पहलुओं को भी जांच में शामिल कर रही है। परमानन्द जाट दूध का व्यवसाय करते थे। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। हत्या की घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

संस्कृत सप्ताह महोत्सव का शुभारंभ

हरदा। जिले में 25 से 31 अगस्त तक सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान विद्यालयों में संस्कृत भाषा आधारित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी हेमलता अग्रवाल ने बताया कि जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में संस्कृत सप्ताह का उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ। इसी क्रम में डॉ. बी.आर. अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों को तिलक लगाकर तथा संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं देकर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रार्थना सभा संस्कृत भाषा में प्रस्तुत कर विद्यालय को संस्कृतमय बना दिया। इस अवसर पर संगीत शिक्षिका सोनी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने नारायण भट्ट की रचना 'सुंदर सुर भाषा' की मनमोहक प्रस्तुति दी।



अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संस्कृत दिवस एवं संस्कृत सप्ताह के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि श्रावणी पूर्णिमा, रक्षाबंधन को संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत भाषा के प्रति गर्व एवं अनुराग विकसित करने तथा दैनिक जीवन में संस्कृत के प्रयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर टिमरनी उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य, परमसुख केवट, दिनेश कुमार साहू सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कलेक्टर से लगाई गुहार: कुंदा नदी पर पुलिया नहीं किसान 40 किलोमीटर चक्कर लगाने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



जिले की कृषि प्रधान ग्राम पंचायत कुम्हारखेड़ा सहित आधा दर्जन गांवों के किसानों ने कुंदा नदी पर पुलिया और कुम्हारखेड़ा से देवली तक पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्राम कुम्हारखेड़ा, देवली, भसनेर, कोठा खुर्द, कोठा बुजुर्ग और बरूड़ के किसानों ने बताया कि कुम्हारखेड़ा की लगभग 70 प्रतिशत कृषि भूमि कुंदा नदी के उस पार देवली रोड पर स्थित है। नदी पर पुल-पुलिया न होने से बाढ़ की स्थिति में किसानों को खेत तक पहुंचने के लिए मजबूरी में खरगोन या उमरखली होकर 30 से 40 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है।

किसानों के अनुसार बाढ़ के दौरान नदी पार करने से कई बार जनहानि, पशुहानि और फसलों के बहने की घटनाएं हो चुकी हैं। कई बार बैलगाड़ी तक पानी में बह गई है। वहीं कुम्हारखेड़ा से देवली तक का कच्चा मार्ग गड्ढों और कीचड़ में तब्दील हो चुका है, जिससे वर्षाकाल में कोई भी वाहन नहीं जा पाता और किसानों को फसलें पैदल सिर पर ढोकर लानी पड़ती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक और सांसद को मौखिक रूप से कई बार अवगत कराया गया, लेकिन आज तक न तो समस्या का निराकरण हुआ और न ही कोई आश्वासन मिला। ग्रामीणों ने मांग की है कि कुंदा नदी पर पुलिया निर्माण और कुम्हारखेड़ा से देवली तक सड़क निर्माण की स्वीकृति अतिशीघ्र प्रदान की जाए, जिससे हजारों किसानों को आवागमन में सुविधा मिल सके और कृषि कार्य सुचारू हो सके।

संत रविदास मंदिर में कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान कार्यक्रम की शुरुआत



खिरकिया। छीपाबड़ में संत रविदास की 650वीं पुण्यतिथि पर कलश वंदन यात्रा और समरसता संकल्प अभियान पर संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर आज छीपाबड़ में 'कलश वंदन यात्रा' एवं 'समरसता संकल्प अभियान' के कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय संत रविदास मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों और उपस्थित श्रद्धालुओं ने मिलकर रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस धार्मिक व सामाजिक आयोजन में संभाग प्रभारी संजय दायमा जी कमलेश सेजकर जिला पंचायत सदस्य एवं जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय यादव, सुरेंद्र आठनेरे, लखन मंडराई, उमेश गौते, विष्णु मोरी, बबलू पवार अशोक मैसारे जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा और पवन मल्हारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता, एकता और संत रविदास जी के विचारों का प्रचार-प्रसार करना है। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र संत रविदास जी के जयकारों से गुंजायमान रहा। एवं समस्त प्रभारी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

एलईडी स्क्रीन पर हुआ शिव-पार्वती विवाह का जीवंत प्रदर्शन

श्रावण के अंतिम सोमवार को सजा सिद्धनाथ दरबार, श्रृंगार ने मोहा मन

खरगोन। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भावसार मोहल्ला स्थित प्राचीन श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर आकर्षक रोशनी और आर्टिफिशियल सजावट से सजा नजर आया। भगवान श्री सिद्धनाथ महादेवजी का मनोहारी श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर की साज-सज्जा और धार्मिक वातावरण ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया।



सार्वजनिक श्रावण मास शिवडोला समिति के सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार ने बताया कि श्रावण मास के अंतिम सोमवार को मंदिर में विशेष आयोजन किया गया। आकर्षक श्रृंगार एवं मंदिर की साज-सज्जा को सफल बनाने में श्री सिद्धनाथजी श्रृंगार मित्र मंडल के हरीश गोस्वामी, आशीष मल्लीवाल, गायत्री गोस्वामी, दुर्गा भावसार, राज राठौर, सुनीता राठौर, नरेंद्रसिंह चौहान, खुशी गोस्वामी, अनिकेत भावसार, निखिल भावसार, नंदिनी भावसार का सराहनीय योगदान रहा।

इस दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह प्रसंग का प्रदर्शन किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। श्रावण मास के अंतिम सोमवार के चलते सुबह से ही भगवान सिद्धनाथ महादेव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। दिनभर मंदिर में भक्तों की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य देव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

नाली निर्माण में बाधा आ रहे अतिक्रमण को हटाया



हरदा। राजस्व अधिकारियों को शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिये सतत कार्यवाही करने के निर्देश के बाद सोमवार को ग्राम मगरधा में लगभग 800 मीटर के नाली निर्माण हेतु शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। नाली निर्माण होने से वर्षा के पानी भरने की समस्या का निराकरण होगा। साथ ही साफ़ सफाई भी अच्छी रहेगी। कार्यवाही में नायब तहसीलदार हरदा, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, सचिव एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

30 अगस्त को जंतर-मंतर दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने स्कूल शिक्षा मंत्री से बैठकर शिक्षक पात्रता परीक्षा विषय पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश ने अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 24 अगस्त को स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं आयुक्त लोकशिक्षण अभिषेक सिंह से मुलाकात की।

राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीया, जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने बताया कि मुलाकात के दौरान मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर चर्चा की। चर्चा में ऐसे शिक्षकों की वर्षवार, कैडर वार सूची जिनकी विभाग परीक्षा लेना चाह रहा है जारी की जावे, जिनकी परीक्षा लेना ही पड़े उनकी परीक्षा ऑफ़लाइन या ऑनलाइन होगी का विकल्प शिक्षकों के लिए हो। जिनकी परीक्षा होनी है उनके लिए परीक्षा केंद्र तहसील या जिला स्तर पर हों। परीक्षा का पाठ्यक्रम शिक्षकों के अध्यापन कार्य के स्तर पर आधारित हो। 2005 से परीक्षा देकर भर्ती हो रहे शिक्षकों को भी टेट से मुक्त रखा जाए।

इस पर शिक्षा मंत्री कहा कि वे विभाग एवं कर्मचारी चयन मंडल से चर्चा कर इसका विधिसम्मत हल निकालने तक परीक्षा की प्रक्रिया को स्थगित रखा जाएगा। एवं आयुक्त लोकशिक्षण ने स्पष्ट कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन प्रसन्न मन से करें और टेट को लेकर किसी भी प्रकार का तनाव न लें। विभाग को अपने शिक्षकों के हितों की पूरी चिंता है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश ने सम्पूर्ण घटनाक्रम एवं शिक्षा मंत्री व आयुक्त लोकशिक्षण के आश्वासन को दृष्टिगत रखते हुए समस्त शिक्षकों से अपील की है कि कोई भी शिक्षक पात्रता परीक्षा के फार्म कोई भी साथी न भरे। प्रतिनिधि मंडल में जगदीश यादव, राकेश दुबे, भरत पटेल, मनोहर दुबे, राकेश नायक, परमानंद डेहरिया, डी के सिंगोर, सालिकराम चौधरी सहित अनेक शिक्षक शामिल रहे। मोर्चा पदाधिकारियों ने प्रदेश के समस्त शिक्षकों से अपील कि है की अब सभी साथी पूरी ताकत एवं जोश के साथ 30 अगस्त को दिल्ली चलने की तैयारी करें व दिल्ली पहुंचें।

श्रावण के अंतिम सोमवार को दर्शन के लिए लगी लंबी कतारें

मनोकामनेश्वर महादेव धाम में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



सतपुड़ा की पहाड़ियों में स्थित यह स्वयंभू मनोकामनेश्वर महादेव धाम सबलगढ़ (मेंढ़ागढ़) में श्रावण के अंतिम सोमवार को जन सैलाब उमड़ा औरहर-हर महादेवह्वके जयघोष से वातावरण गूंजायमान हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक,विशेष रुद्राभिषेक और पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। यह स्वयंभू शिवलिंग सदियों से आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि पराक्रमी राजा सबल ने यहां कठोर तप कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था। जनश्रुति है कि देवराज इंद्र ने भी यहां गुप्त साधना कर श्राप से मुक्ति पाई, इसलिए इसे इंद्रेश्वर महादेव भी कहा जाता है। मंदिर के आसपास राजा सबल की प्राचीन नगरी के अवशेष - दुर्गम पहाड़ियों में फैली दीवारें और खंडहर साक्षी हैं। यहीं से वेदा,सुक्ता और कुंदा नदियों के उद्गम की मान्यता है,जो शिव की जटाओं से निकली है और मां नर्मदा में मिलती हैं। इसे स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोग शिव गंगा भी मानते हैं। जिससे वहां श्रावण मास,नाग पंचमी और महाशिवरात्रि पर्व पर भारी संख्या में लोग दर्शनार्थ पहुंचते हैं।

वहां श्रद्धालुओं की आस्था और दर्शनार्थ जाने वाले लोगों की भीड़ में निरंतर इजाफा हो रहा है। यहां सड़क, पेयजल, प्रकाश, पार्किंग और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का शिवभक्तों में प्रताप मोरे आशीष राठौर रामसिंग चौहान राजेश जायसवाल वेरसिंग चौहान लक्ष्मण महाराज प्रदीप सिसोदिया रूपसिंग किराड़े सुजान पटेल जमला पटेल गुलसिंग किराडे आदि ने कहा है कि इस ऐतिहासिक स्थल को विकास की दरकार है। उन्होंने इसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग शासन और पर्यटन विभाग से की है।